राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः--आर0एम0पी0यू0 / 490 / 2024 दिनांकः-19 मार्च, 2024

विज्ञप्ति

सत्र 2021–22 प्रथम वर्ष बी0एड0, बी0ए0एलएल0बी0 एवं एलएल0बी0 के छात्र–छात्राओं को परीक्षा सामिति की बैठक दिनांक 05.12.2022 में निर्णय लिया गया था कि "बी0एड0, बी0ए0एलएल0बी0 एवं एलएल0बी0 पाठ्यक्रमों के अध्यादेश में वर्णित व्यवस्था के अनुसार जो छात्र–छात्राएँ बैक परीक्षा हेतु अर्ह है, उन्हें द्वितीय वर्ष में प्रोन्नत कर दिया जाए तथा ऐसे छात्र द्वितीय वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त भी तब तक तृतीय वर्ष में प्रवेश नहीं पा सकेगे, जब तक वे प्रथम वर्ष की बैक पेपर में उत्तीर्ण नहीं हो जाते"

उक्त के सम्बन्ध में परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 06.03.2024 में निर्णय लिया गया है कि "छात्र हित में उक्त पाठ्यक्रमों में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को एक और अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए उनकी परीक्षा आयोजित करायी जाये।"

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 06.03.2024 में लिए गये निर्णय के अनुपालन में सत्र 2021–22 प्रथम वर्ष बी0एड0, बी0ए0एलएल0बी0 एवं एलएल0बी0 की विशेष परीक्षा माह मई 2024 में आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है। उक्त परीक्षा में परीक्षार्थी सभी प्रश्न–पत्रों में सम्मिलित हो सकते हैं। इसके पश्चात उक्त पाठ्यक्रम हेतु भविष्य में कोई परीक्षा आयोजित नहीं करायी जायेगी। मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार उक्त परीक्षा हेतु एम0आई0एस0 जनरेट करने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि 30.03.2024 तथा परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि 02.04.2024 निर्धारित की जाती है।

मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार दिनांक 30.03.2024 के पश्चात एम0आई0एस0 जनरेट करने तथा दिनांक 02.04.2024 के पश्चात परीक्षा फार्म भरने पर रू0 500/– प्रति छात्र विलम्ब शुल्क देय होगा। विलम्ब शुल्क के साथ एम0आई0एस0 जनरेट करने एवं परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि 09.04.2024 निर्धारित की जाती है। दिनांक 09.04.2024 के पश्चात किसी भी दशा में परीक्षा फार्म भरना सम्भव नहीं होगा।

डा0(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में निशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
4. प्रभारी वेबसाइट को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5. गार्ड फाइल।

19.03.24

उप कुलसचिव